Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

Title: Need to include 'Mev' Caste in Central list of Backward Classes -laid.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : राजस्थान के अलवर जिले के रामगढ़, लक्ष्मणगढ़ तिजारा, किशनगढ़, खैरतल विधान सभा क्षेत्र में मेव जाति काफी अधिक संख्या में है। इसी प्रकार भरतपुर जिले की कई तहसीलें भी मेव बाहुल्य है1 ये जाति सामाजिक व शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़ी जातियों में से है। मेव जाति राजस्थान की पिछड़ी जातियों में शिक्षा व नौकरियों में आरक्षण की पात्रता रखती है। मगर केन्द्रीय सूची में इनका नाम नहीं है। राजस्थान सरकार ने भी काफी लंबे अर्से से केन्द्र से मांग की है कि पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में मेव जाति का नाम दर्ज किया जाए ताकि इस पिछड़ी कौम को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। माननीय प्रधान मंत्री जी व सामाजिक न्याय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेव कौम को केन्द्रीय सूची में दर्ज करायें।